रामविलास पोद्दार

प्रकाशक—
रामविलास पोद्दार स्मारक समिति,
ठि० माधवप्रसाद एण्ड कम्पनी,
युसुफ बिल्डिंग, फोर्ट, बम्बई।

मुद्रक—
मंगेश नारायण कुळकर्णी,
कर्नाटक प्रिंटिंग प्रेस, कर्नाटक हाउस,
चिराबाजार, बम्बई नं० २

रामविलास पोद्दार स्मारक ग्रन्थमालाका प्रथम पुष्प

रामविलास पोद्दार

(जीवन-रेखा और स्मृतियाँ)

—

मित्र-वर्ग द्वारा लिखित

१९३९

सम्पादक—

जवाहिरलाल जैन, एम० ए०, 'विशारद'

स्मृतियाँ अब तक सुखमय थी जो—
वे ही अब दुखमय हैं हाय !
याद उन्हें कर अश्रु बहावें,
रहा शेष, क्या अन्य उपाय !

—'अभिन्न हृदय'

प्रकाशक—
रामबिलास पोद्दार स्मारक समिति,
ठि० माधवप्रसाद एण्ड कम्पनी,
युसुफ बिल्डिंग, फोर्ट, बम्बई।

मुद्रक—
मंगेश नारायण कुळकर्णी,
कर्नाटक प्रिंटिंग प्रेस, कर्नाटक हाउस,
चिराबाजार, बम्बई न० २

Rambilas Podar Smarak Granthmala, Vol. I

RAMBILAS PODAR

Life Sketch & Memories

BY

FRIENDS AND ADMIRERS

1936

EDITOR—

JAWAHIR LAL JAIN,

M. A, 'VISHARAD.'

प्रिय विद्यार्थि-जीवनको,

आओ, पढ़ें कुछ भावसे ।

सोचें इसे, समझें इसे,

दिलमें उतारें चावसे ॥

—'अभिनव हृदय'

स्मृतियाँ अब तक सुखमय थी जो—
वे ही अब दुखमय हैं हाय !
याद उन्हें कर अश्रु बहावें,
रहा शेष, क्या अन्य उपाय !

—'अभिन्न हृदय'

अनभ्र-नभ से यह वज्र-निपात

द्वन्द्व-मय, परुष जगज्जीवन;
दुःख-सुख, रुदन-हास प्रतिक्षण;
न केवल यह दुःखों का योग,
और नहिं स्थायी सुख-उपभोग।

देव के सुचतुर हस्त उदार
बरसते सौख्य-समृद्धि अपार;
रिक्त जीवन को करते सार्थ
बनाकर दृश्यादृश्य पदार्थ।

मनुज की स्नेह-लता के तन्तु,
उन्हे परिवृत करते जब किन्तु,
दैव के निर्मम कर निरपेक्ष,
प्रलय कर देते एक निमेष।

कालका यह कैसा व्यापार!
चले तुम असमय तज संसार!
तुम्हारी सुधिसे सिञ्चित प्राण,
स्वजनके सहसा होते म्लान।

उक्ति है:-'देवों के प्रिय-पात्र
जगत में रहते कुछ दिन मात्र।'
कहाँ विस्मय जो बन्धन तोड
गये तुम जग से यों मुख मोड़!

विभव की गरिमा हुई सनाथ
ज्ञान का पाकर तुम मे साथ।
दक्षता, ऋजुता का ले साज
सरल मन रहा सदा निर्व्याज।

विनय मे वाक्पटुता का वास;
ज्ञान-गरिमा-पूरित उपहास।
कर्म मे व्यापृत रहा विवेक;
एक गुण लाया अन्य अनेक।

ज्ञान-धन-जनने किया विनीत;
सरसता, शुचिता-पूर्ण पुनीत।
सौम्यता तत्परता, अवधान
सहोदर-सम पाये थे स्थान।

शील के पुतले! युवक समाज
तुम्हीं से शोभित होता आज,
हुआ होता जो नहिं अज्ञात
अनभ्र-नभ से यह वज्र-निपात!!

तुम्हारे अगणित चरित उदार,
स्मृति-स्थल से उठ झञ्झाकार,
धैर्य—नौका को करते भग्न;
शोक—जल मे मन होता मग्न।

उक्ति है:-'देवों के प्रिय-पात्र
जगत में रहते कुछ दिन मात्र।'
कहाँ विस्मय जो बन्धन तोड
गये तुम जग से यों मुख मोड़!

विभव की गरिमा हुई सनाथ
ज्ञान का पाकर तुम मे साथ।
दक्षता, ऋजुता का ले साज
सरल मन रहा सदा निर्व्याज।

विनय मे वाक्पटुता का वास;
ज्ञान-गरिमा-पूरित उपहास।
कर्म मे व्यापृत रहा विवेक;
एक गुण लाया अन्य अनेक।

ज्ञान-धन-जनने किया विनीत;
सरसता, शुचिता-पूर्ण पुनीत।
सौम्यता तत्परता, अवधान
सहोदर-सम पाये थे स्थान।

शील के पुतले! युवक समाज
तुम्हीं से शोभित होता आज,
हुआ होता जो नहिं अज्ञात
अनभ्र-नभ से यह वज्र-निपात!!

तुम्हारे अगणित चरित उदार,
स्मृति-स्थल से उठ झञ्झाकार,
धैर्य—नौका को करते भग्न;
शोक—जल मे मन होता मग्न।

ता० ६ जुलाई १९३६ का दिन दुःखद घटना के लिये चिरकाल तक याद रहेगा। बम्बई मे अकस्मात् (Accident) से दिन प्रतिदिन अनेक दुर्घटनाऍ होती रहती है एव हॉर्नबी–वेलार्ड नामक समुद्र–तट के राजमार्ग पर भी अनेक दुर्घटनाऍ हो चुकी है; तथापि ता० ६ जुलाई को उस रास्ते पर मोटर–अकस्मात् (Accident) से जो दुर्घटना हुई—उसको हम कदापि भूल नहीं सकते। उस अकस्मात् को सुन कर बम्बई भर मे सनसनी फैल गई थी। सर्वत्र हाहाकार मच गया। इस दुर्घटना से समस्त जनता को इस तरह आघात पहुँचने के दो कारण है—एक तो यह कि स्वर्गीय बाबू रामविलास पोदार एव सेठ आनन्दीलालजी पोदार के कुटुम्बने अपनी परोपकारवृत्ति के कारण असीम लोकप्रियता प्रात करली है, और दूसरा यह, कि स्वर्गीय रामविलास को अकस्मात् होने का निमित्त कारण कोई प्रमोद या विनोद का प्रसङ्ग न था, पर कर्तव्य-पालन था।

इसके साथ-साथ जब हम इस बातका विचार करते है कि कुछ ही समय पहले स्वर्गीय रामविलास का विवाह हुआ था और उसकी पत्नी अपनी सास की बीमारी पर कुछ ही समय पहले ससुरालमे रहने के लिए आई थी, और यह कि सब घरवालो का ध्यान श्रीमती सेठानीजी की अन्तिम इच्छाओ की पूर्ति मे तथा दानपुण्य करनेमे लगा हुआ था और उनकी घडी–पल वाली अवस्था हो रही थी, उस समय यह वज्रपात हुआ—तो हमारे दुःखका पारावार नहीं रहता।

संसारमे आशासे सुख और निराशासे दुःख होता है। जहाँ आशा की प्रबलता होती है–वहाँ निराशा से अत्यधिक दुःखका होना भी स्वाभाविक है। स्व० रामविलास के उज्ज्वल भविष्य पर उसके माता–पिता, भाई–बान्धव, इष्ट-मित्र तथा देशवासियोंने बडे-बडे मनोरथ के पुल बॉधे थे। सेठ आनन्दीलालजी ससारको समस्त प्रवृत्तियोंको अपने समर्थ पुत्रोंके कन्धो पर छोड कर अपना शेष जीवन भगवद्भजन मे, किसी पवित्र स्थानपर व्यतीत करने का

स्व० रामविलास की जीवन-रेखा प्रकाशित करनेका प्रधान हेतु यह है कि वह आज-कलके सुशिक्षित युवकों के लिए और विशेषकर मारवाड़ी समाजके युवकों के लिये अनुकरण करने योग्य है। स्वर्गीय रामविलास एक आदर्श युवक था। उसका जीवन, आदर्श जीवन था। उसके अत्यल्प जीवनकालमें भी चरित्र-बलके इतने उदाहरण उपलब्ध होते हैं कि जिनसे क्या छोटे, क्या बड़े, सभी कुछ न कुछ सार ग्रहण कर सकते हैं। उसका मधुर भाषण, जन-सेवा-कार्य, मातृ-पितृ-भक्ति, भ्रातृ-प्रेम, कर्तव्य-पालन, सदाचार, उन्नत-विचार, बालमित्रादि का मनोरञ्जन, अजात-शत्रुता, वाक्पटुता, आज्ञा-पालन, धैर्य आदि अनेक गुण अनुकरणीय हैं। स्व० रामविलास कुशाग्रबुद्धि, अत्यन्त-शिष्ट और मिलनसार था। बी० ए० परीक्षोत्तीर्ण होते हुए तथा एम० ए० और एल्एल्० बी० का अभ्यास करते रहने पर भी उसमें मत्सरता का नामोनिशान भी नहीं था। वह कभी अपने अभिप्रायको सर्वोत्तम बतानेका दावा न करता। फिर भी उसके मित्र व साथी उसीकी रायको पसन्द करते। अतुल धनराशिका स्वामी होने पर भी वह अपने आपको एक साधारण पुरुष मानता था। और सर्वसाधारण के कष्टोंको प्रत्यक्ष अनुभव कर सकता था।

पूर्ण यौवन प्राप्त होनेपर भी वह विवेकी और मधुर-भाषी था। उच्छृखल पाश्चात्य शिक्षण प्राप्त कर लेनेपर भी माता-पिता, ज्येष्ठ भ्राता और गुरु जनोंका वह अद्भुत भक्त था। वह कुरीतियोंका विरोधी और सुधारोंका पक्षपाती था। इस कूटनीतिके युगमें वह अपने कर्तव्यपथ और नीतिपथपर आरूढ़ था। उसके सौजन्य, उसकी नम्रता और मित्रताकी कोई सीमा न थी। **उसका प्रत्येक मित्र यही मानता था कि विलासका सर्वश्रेष्ठ मित्र मैं ही हूँ।** संक्षेपमें यह कहना पर्याप्त होगा कि प्रायः सभी श्रेष्ठ गुण उसमें निवास करते थे। जब-जब प्रसङ्ग आता, तब-तब इन पंक्तियोंका लेखक, धनिक-पुत्रोंके सामने, अनुकरण करनेके लिए, रामविलासका आदर्श-जीवन रक्खा करता था।

इन पंक्तियोंके लेखकका सेठ आनन्दीलालजी पोद्दारसे, स्वर्गीय रामविलास के जन्मके आसपास ही परिचय हुआ था। उन दिनों स्थानीय मारवाड़ी विद्यालय और मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना हो चुकी थी। मारवाड़ी समाजके उत्थान की बातोंमें उक्त समाजके युवक अग्रसर हो रहे थे। उसी सिलसिलेमें बात-चीत होनेपर सेठ साहबने जाति-उन्नतिके लिए एक विद्यार्थीगृह स्थापित करने की अपनी इच्छा प्रगट की। लेखक का ध्यान जन्म-स्थान राजस्थानकी ओर लगा हुआ था। एतदर्थ मारवाड़ी शिक्षा परिषद,

प्रस्तावना

बम्बई)
ता० २०-१२-३८)

—पं० माधवप्रसाद शर्मा,
एम० ए०, एल् एल० बी०, सोलिसिटर

ता० ६ जुलाई १९३६ का दिन दुःखद घटना के लिये चिरकाल तक याद रहेगा। बम्बई मे अकस्मात् (Accident) से दिन प्रतिदिन अनेक दुर्घटनाएँ होती रहती है एव हॉर्नबी–बेलार्ड नामक समुद्र–तट के राजमार्ग पर भी अनेक दुर्घटनाएँ हो चुकी है; तथापि ता० ६ जुलाई को उस रास्ते पर मोटर–अकस्मात् (Accident) से जो दुर्घटना हुई—उसको हम कदापि भूल नहीं सकते। उस अकस्मात् को सुन कर बम्बई भर मे सनसनी फैल गई थी। सर्वत्र हाहाकार मच गया। इस दुर्घटना से समस्त जनता को इस तरह आघात पहुँचने के दो कारण है—एक तो यह कि स्वर्गीय बाबू रामविलास पोदार एव सेठ आनन्दीलालजी पोदार के कुटुम्बने अपनी परोपकारवृत्ति के कारण असीम लोकप्रियता प्राप्त करली है, और दूसरा यह, कि स्वर्गीय रामविलास को अकस्मात् होने का निमित्त कारण कोई प्रमोद या विनोद का प्रसङ्ग न था, पर कर्तव्य-पालन था।

इसके साथ-साथ जब हम इस बातका विचार करते है कि कुछ ही समय पहले स्वर्गीय रामविलास का विवाह हुआ था और उसकी पत्नी अपनी सास की बीमारी पर कुछ ही समय पहले ससुरालमे रहने के लिए आई थी, और यह कि सब घरवालो का ध्यान श्रीमती सेठानीजी की अन्तिम इच्छाओं की पूर्ति मे तथा दानपुण्य करनेमे लगा हुआ था और उनकी घडी–पल वाली अवस्था हो रही थी, उस समय यह वज्रपात हुआ—तो हमारे दुःखका पारावार नहीं रहता।

संसारमे आशासे सुख और निराशासे दुःख होता है। जहाँ आशा की प्रबलता होती है–वहाँ निराशा से अत्यधिक दुःखका होना भी स्वाभाविक है। स्व० रामविलास के उज्ज्वल भविष्य पर उसके माता–पिता, भाई–बान्धव, इष्ट-मित्र तथा देशवासियोंने बडे-बडे मनोरथ के पुल बाँधे थे। सेठ आनन्दीलालजी ससारकी समस्त प्रवृत्तियोंको अपने समर्थ पुत्रोंके कन्धो पर छोड कर अपना शेष जीवन भगवद्भजन मे, किसी पवित्र स्थानपर व्यतीत करने का

७ जुलाई का दिन था। सुबह का स्कूल होने के कारण लगभग ७ बजे मै स्कूल की ओर जा रहा था। शहर के बाहर निकलते ही एक सहकारी अध्यापक मिले, जो अत्यन्त उदास और गम्भीर मुद्रासे उसी ओर बढ रहे थे। मुझे देखते ही बोले, 'आपने भी सुना?' मैंने उत्सुकता से पूछा, 'क्या?'—'कुँवर रामविलासजीका मोटर एक्सिडेन्ट से स्वर्गवास होगया।' मैंने कहा 'क्या कहते हो? तुम्हारे सुनने मे गलती होगई है। सेठानीजीके विषयमे कुछ कहो, तो विश्वास भी हो सकता है। ऐसी बात मुँहसे नहीं निकालनी चाहिये।' बेचारे सकपका गये। बोले, 'चलिये, स्कूल चले, वहीं मालूम हो जायगा।' स्कूल आये तो जो कुछ सुना—सुनकर ..

'रह गया मै तो कलेजा थाम कर।'

गत दो तीन वर्षोंमे मुझे सेठ साहब आनन्दीलालजी तथा उनके चारों पुत्रों मे से कुँ० रामविलासजी के अतिरिक्त सभी के सम्पर्क मे आने का अवसर मिल चुका था, और बड़े से लेकर छोटे तक सब के मुँहसे एक यही बात सुनी जाती थी कि विलासजी स्वभाव मे, व्यवहार मे तथा गुणो मे सर्व श्रेष्ठ है। बड़ाई सुन-सुन कर विलासजी जैसे सुशिक्षित, विद्वान् तथा गुणी युवक से मिलने की इच्छा बलवती हो उठती, पर भाग्य मे तो भौतिक मिलन न बदा था। आत्मिक सम्बन्धने, जो इस माध्यम द्वारा उनके और मेरे बीच मे स्थापित हुआ है, इस अभाव की वेदना को और भी तीव्र कर दिया है।

की प्रस्तावना लिखने का भी कष्ट किया है, बहुत अधिक सहायता मिली है, इसके लिये मे उनका अनुगृहीत हूँ।

बिलासजी के मित्रो मे श्री हीरालालजी दवे तथा श्री राधाकृष्णजी सराफने भी उनके जीवन-सम्बन्धी कितनी ही घटनाएँ बताकर मुझे सहायता दी है। श्री रामप्रसादजी बक्शी, श्री मदनलालजी सेखसरिया श्री राघवेन्द्ररावजी, श्री मुरलीधरजी शर्मा, श्री कुबेरसिंहजी नवलखा तथा श्री पन्नालालजी शर्मा ने भी प्रूफ-संशोधनादि के कार्य मे बड़ी तत्परता दिखाने की कृपा की है। डॉक्टर पी० आचार्यजी तथा श्री टीकमचन्द्र जैनीजी ने भी डिज़ाइन्स बनाकर मेरी सहायता की है। अतः उक्त सब सज्जन अनेक धन्यवाद के पात्र है।

मै बिलासजी के गुरुजनो, अध्यापको, सहपाठियो, मित्रो तथा प्रेमियो का भी अत्यन्त आभारी हूँ जिन्होने मेरी प्रार्थना पर ध्यान देकर बिलासजी के संस्मरण तथा उनके विषय मे कवितादि भेजने की कृपा की है। उनकी सहायता के बिना यह पुस्तक इस रूप मे प्रकाशित नहीं हो सकती थी।

पोदार-परिवार की परोपकार-वृत्तियो का चित्रण तथा बिलासजी की बहुमुखी प्रतिभा और सेवा के प्रति यह प्रेमाञ्जलि यदि पाठको के हृदय मे अनुकरणीय आदर्श उपस्थित कर उन्हे जन-सेवा की ओर प्रवृत्त करेगी तो मै अपना प्रयत्न सफल समझूँगा वर्ना---

लाई हयात आए, ले चली कज़ा चले।
अपनी खुशी न आए, न अपनी खुशी चले।—

—वाली बेबसी के अतिरिक्त मनुष्य के लिए और कुछ न बचेगा।

स्व० रामविलास की जीवन-रेखा प्रकाशित करनेका प्रधान हेतु यह है कि वह आज-कलके सुशिक्षित युवकों के लिए और विशेषकर मारवाड़ी समाजके युवकों के लिये अनुकरण करने योग्य है। स्वर्गीय रामविलास एक आदर्श युवक था। उसका जीवन, आदर्श जीवन था। उसके अत्यल्प जीवनकालमें भी चरित्र-बलके इतने उदाहरण उपलब्ध होते हैं कि जिनसे क्या छोटे, क्या बड़े, सभी कुछ न कुछ सार ग्रहण कर सकते हैं। उसका मधुर भाषण, जन-सेवा-कार्य, मातृ-पितृ-भक्ति, भ्रातृ-प्रेम, कर्तव्य-पालन, सदाचार, उन्नत-विचार, बालमित्रादि का मनोरञ्जन, अजात-शत्रुता, वाक्पटुता, आज्ञा-पालन, धैर्य आदि अनेक गुण अनुकरणीय हैं। स्व० रामविलास कुशाग्रबुद्धि, अत्यन्त-शिष्ट और मिलनसार था। बी० ए० परीक्षोत्तीर्ण होते हुए तथा एम० ए० और एल्‌एल्० बी० का अभ्यास करते रहने पर भी उसमें मत्सरता का नामोनिशान भी नहीं था। वह कभी अपने अभिप्रायको सर्वोत्तम बतानेका दावा न करता। फिर भी उसके मित्र व साथी उसीकी रायको पसन्द करते। अतुल धनराशिका स्वामी होने पर भी वह अपने आपको एक साधारण पुरुष मानता था। और सर्वसाधारण के कष्टोंको प्रत्यक्ष अनुभव कर सकता था।

पूर्ण यौवन प्राप्त होनेपर भी वह विवेकी और मधुर-भाषी था। उच्छृंखल पाश्चात्य शिक्षण प्राप्त कर लेनेपर भी माता-पिता, ज्येष्ठ भ्राता और गुरु जनोंका वह अद्भुत भक्त था। वह कुरीतियोंका विरोधी और सुधारोंका पक्षपाती था। इस कूटनीतिके युगमें वह अपने कर्तव्यपथ और नीतिपथपर आरूढ़ था। उसके सौजन्य, उसकी नम्रता और मित्रताकी कोई सीमा न थी। **उसका प्रत्येक मित्र यही मानता था कि विलासका सर्वश्रेष्ठ मित्र मैं ही हूँ।** संक्षेपमें यह कहना पर्याप्त होगा कि प्रायः सभी श्रेष्ठ गुण उसमें निवास करते थे। जब-जब प्रसङ्ग आता, तब-तब इन पंक्तियोंका लेखक, धनिक-पुत्रोंके सामने, अनुकरण करनेके लिए, रामविलासका आदर्श-जीवन रक्खा करता था।

इन पंक्तियोंके लेखकका सेठ आनन्दीलालजी पोद्दारसे, स्वर्गीय राम-विलास के जन्मके आसपास ही परिचय हुआ था। उन दिनों स्थानीय मार-वाड़ी विद्यालय और मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना हो चुकी थी। मार-वाड़ी समाजके उत्थान की बातोंमें उक्त समाजके युवक अग्रसर हो रहे थे। उसी सिलसिलेमें बात-चीत होनेपर सेठ साहबने जाति-उन्नतिके लिए एक विद्यार्थीगृह स्थापित करने की अपनी इच्छा प्रगट की। लेखक का ध्यान जन्म-स्थान राजस्थानकी ओर लगा हुआ था। एतदर्थ मारवाड़ी शिक्षा परिषद,

तभीसे—

विलासके गीत गाये जाते है । विलासकी वाणी कूक उठती है। उसका यशस्सौरभ महक उठता है। और फिर वह वहाँ होता है; जहाँ—हम होते हैं। हम वहाँ होते है, जहाँ—सब होते हैं। सब वहॉ होते हैं; जहाँ—राम होते है। राम वहीं होते है; जहाँ—विलास होता है। विलासका विलास होता है। फिर दोनो मिलते है। राम और विलास। राम और विलास मिलकर '**रामविलास**' होता है; लेकिन हम तो '**विलास**' ही कहते है और विलासकी ही सर्वत्र गूँज होती है।

एक दिन—

विलास प्रगतिके पथपर आरूढ हो हमारे जीवन-क्रममे आनन्द और उपभोग बन जाता है।

और हम देखते है—

जब वह जीवन हिलोरे लेता है—हमारे और उसके सावन-सलूने एक हो जाते हैं।

इस प्रकार—

हम और वह—सुख-सौभाग्य, विलास—वैभव आदि मे परिगमन करते है। पर एक रोज अपने लीलामय रामने न जाने क्यो अपने फले-फूले—विकसे विलास को अचानक समेट लिया।

हाँ, कुछ—क्षण पहले—

हम सुन पाते हैं—उसके अन्तिम दर्शन होते हैं। वह सुन पाता है—उसकी माँ के अन्तिम दर्शन होने वाले हैं। माँ सुन पाती है—'मेरे लालके अन्तिम दर्शन हो चुके है'। और सचमुच ही उसके अन्तिम दर्शन हो चुकते है; और फिर—उसकी माँके भी अन्तिम दर्शन हो जाते हैं।

मनसि वचसि काये पुण्यपीयूषपूर्णा-
स्त्रिभुवनमुपकारश्रेणिभिः प्रीणयन्तः।
परगुणपरमाणून् पर्वतीकृत्य नित्यं
निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्तः कियन्तः ॥

अवस्था बहुत थोड़ी थी, तथा स्वास्थ्य बराबर ख़राब रहता था, इसलिये वे कारोबार को नहीं सम्हाल सके। फल यह हुआ कि कलकत्ता, मिरजापुर और दिल्ली तीनों ही स्थानों मे उनका कारोबार बद होगया। इस प्रकार थोडी ही उम्र मे विपत्तिया अधिक आने से तथा मानसिक चिंताओ के कारण वे नवलगढ मे आकर बीमार होगये और १० वर्ष रुग्ण रहकर चौंतीस वर्ष की युवावस्था मे ही स्वर्गगामी होगये।

सेठ बंशीधरजी के दो पुत्र थे: १. आनंदीलालजी २. जयदेवजी। आनदीलालजी की अवस्था उस समय केवल १७ वर्ष की थी। बड़े होने के कारण सारे परिवारके भरण-पोपण का भार उनके कधों पर आ पड़ा। विपत्ति के बादल सिर पर मडरा रहे थे। कोई हाथ पकड़ने वाला न था। कारोबार बंद हो जाने तथा पिताजीके १० वर्ष-तक बीमार रहने के कारण घर की आर्थिक अवस्था ठीक नहीं थी। वे पुरानी दूकानो की बड़ी उगाही वसूल करने के लिये चितौड़ तथा किसनगढ गये, पर १७ वर्ष के बालक की कौन सुनता था ? अतः उन्होंने बाहर जाकर कुछ रोजगार करने का निश्चय कर लिया।

विपत्ति के थपेड़ो से पीडित युवक आनदीलालजी कलकत्ते गये, पर वहाँ भी कुछ ढग न जमा। आखिर कलकत्ता महानगरी से भी निराश होकर वे आसाम की ओर बढे। वे चक्कर खाते हुए डिब्रूगढ पहुँचे, और एक व्यापारी के यहाँ नौकर हुए। काम क्या था ? सुई से लेकर सोना-चादी तक सर्व-साधारण के काम की सारी चीजे बाहर से मगवा कर बेचना। दूकान का सारा काम-काज उन्हीं को करना पड़ता था। अत्यधिक शारीरिक परिश्रम करने से उन्हे हृद्-रोग होगया जो कि ४० वर्ष के निरंतर इलाज से भी, अब तक ठीक नहीं होसका है।

लगभग १। वर्ष वहाँ रहने के बाद उन पर ज्वर का भयंकर आक्रमण हुआ। आसाम की नर्म आबोहवा मे स्वास्थ्य ठीक होना असंभव था, अतः वे नौकरी छोड़कर नवलगढ आगये। ज्योही उनका स्वास्थ्य ठीक हुआ

पोदार परिवार का संक्षिप्त परिचय

बम्बई के प्रसिद्ध व्यापारी तथा वयोवृद्ध सेठ आनदीलालजी पोदार को कौन नहीं जानता ? उन्होने अपने आकर्षक व्यक्तित्व, सीधे तथा सच्चे व्यवहार, दानशीलता और परदु:ख-कातरता से असाधारण लोक-प्रियता प्राप्त कर ली है और वे बम्बई के बहुत चुने हुए व्यक्ति गिने जाते है।

इतना वैभव तथा प्रसिद्धि सेठ साहब ने स्वय अपने बाहुबल तथा प्रतिभा से प्राप्त की है। उनकी किशोर तथा युवावस्था सुख और ऐश्वर्य की गोद मे नहीं बीती थी, अपितु विपत्ति के झोंको मे झुलसते हुए उन्होने वह जीवन बिताया था।

सेठ साहब का आदिम निवास-स्थान जयपुर राज्यान्तर्गत शेखावाटी प्रान्तका नवलगढ नगर है। उनके पितामह सेठ ज्ञानीरामजी पोदार उक्त नगर के सम्माननीय सेठो मे गिने जाते थे। उनकी दूकाने कलकत्ता, मिरजापुर तथा दिल्ली मे चलतीं थीं। सेठ ज्ञानीरामजी के स्वर्गवास के बाद उनके ज्येष्ठ पुत्र बशीधरजी पर सारा कार्यभार आ पडा। उनकी

और दूरदर्शिता का ऐसा सिक्का जमा और भाग्य ने उनका कुछ ऐसा साथ दिया कि जिस काम मे उन्होने हाथ डाला, उसीमे उन्हे पूरी सफलता मिली। सेठ 'कीलाचंद देवचंद' के अतिरिक्त वे मेसर्स 'ई० डी० सासून' नामक देशविख्यात फर्म के भी दलाल हो गये और वहाँ भी सच्चे व्यवहार तथा साख के कारण इनकी वडी प्रतिष्ठा हुई। धीरे धीरे दलाली के साथ साथ वे स्वय भी व्यापार करने लगे और वम्वई के प्रमुख रुई एवम् गल्ले के व्यापारियो मे गिने जाने लगे।

व्यापार-जगत मे उनका जीवन विशेष उल्लेखनीय रहा है। वे व्यापार मे वड़े साहसी रहे है। नैतिकता के लिये आप वहुत विचार रखते रहे हैं, जो कि व्यापार मे एक श्रेष्ठ गुण माना जाता है। वे हमेशा बाजार के व्यापारियो का, खास कर दलालों के हितका वहुत ध्यान रखते रहे है, तथा जव जव रुई और गल्लेके व्यापार मे अनिश्चित तथा डाँवाडोल परिस्थितियाँ उपस्थित हुई है, तव तव उन्हे सुलझाने मे उन्होंने प्रमुख भाग लिया है और अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व का परिचय दिया है।

जैसा हम ऊपर कह आए है सेठ साहव को हृद्-रोग की शिकायत वरावर चल ही रही थी। अतः जव सन् १९१९ में उनकी तवियत ज्यादा खराव होगई, तो उन्होने व्यापारिक-जीवन से अवकाश लेने का इरादा किया और इसीलिए अपने साझीदारो से अलग होकर अपना कारोवार मेसर्स 'आनदीलाल पोद्दार एण्ड कंपनी' के नाम से अलग कर लिया। परन्तु परमात्मा को यह मजूर न था। अभी उन्नतिकी वहुत सीढियों पर उन्हे चढना था। फलतः उन्हीं दिनो मेसर्स 'टोयो मेनका कैशा' नामी प्रसिद्ध जापानी फर्म के कार्यकर्ताओ ने उन्हे अपने फर्मकी दलाली का काम सौंपा। इच्छा न रहते हुए भी, आखिर दवाव अधिक पडने पर उन्होने इसे कुछ समय के लिये स्वीकार कर लिया, पर फिर इन्हे कौन छोड़नेवाला था? धीरे धीरे सम्वन्ध दृढ होता गया और इसे

अवस्था बहुत थोड़ी थी, तथा स्वास्थ्य बराबर ख़राब रहता था, इसलिये वे कारोबार को नहीं सम्हाल सके। फल यह हुआ कि कलकत्ता, मिरजापुर और दिल्ली तीनों ही स्थानों मे उनका कारोबार बद होगया। इस प्रकार थोडी ही उम्र मे विपत्तिया अधिक आने से तथा मानसिक चिंताओ के कारण वे नवलगढ मे आकर वीमार होगये और १० वर्ष रुग्ण रहकर चौंतीस वर्ष की युवावस्था मे ही स्वर्गगामी होगये।

सेठ वंशीधरजी के दो पुत्र थे: १. आनंदीलालजी २. जयदेवजी। आनदीलालजी की अवस्था उस समय केवल १७ वर्ष की थी। बड़े होने के कारण सारे परिवारके भरण-पोषण का भार उनके कधों पर आ पड़ा। विपत्ति के वादल सिर पर मडरा रहे थे। कोई हाथ पकड़ने वाला न था। कारोवार वंद हो जाने तथा पिताजीके १० वर्ष-तक वीमार रहने के कारण घर की आर्थिक अवस्था ठीक नहीं थी। वे पुरानी दूकानो की बड़ी उगाही वसूल करने के लिये चितौड़ तथा किसनगढ गये, पर १७ वर्ष के वालक की कौन सुनता था? अतः उन्होंने वाहर जाकर कुछ रोजगार करने का निश्चय कर लिया।

विपत्ति के थपेड़ो से पीडित युवक आनदीलालजी कलकत्ते गये, पर वहाँ भी कुछ ढग न जमा। आखिर कलकत्ता महानगरी से भी निराश होकर वे आसाम की ओर वढे। वे चक्कर खाते हुए डिब्रूगढ पहुँचे, और एक व्यापारी के यहाँ नौकर हुए। काम क्या था? सुई से लेकर सोना-चादी तक सर्व-साधारण के काम की सारी चीजे वाहर से मगवा कर वेचना। दूकान का सारा काम-काज उन्हीं को करना पड़ता था। अत्यधिक शारीरिक परिश्रम करने से उन्हे हृद्-रोग होगया जो कि ४० वर्ष के निरंतर इलाज से भी, अव तक ठीक नहीं होसका है।

लगभग १। वर्ष वहाँ रहने के वाद उन पर ज्वर का भयंकर आक्रमण हुआ। आसाम की नर्म आवोहवा मे स्वास्थ्य ठीक होना असंभव था, अतः वे नौकरी छोड़कर नवलगढ आगये। ज्योही उनका स्वास्थ्य ठीक हुआ

वे फिर नवलगढ से रवाना होगये, पर अबकी बार कलकत्ता न जाकर बम्बई गये।

बम्बई मे वे पहले पहल एक व्यापारी के यहाँ २५) प्रति मास पर नौकर हुए। सवा वर्ष तक उन्होने अपना कार्य बड़ी ईमानदारी और मेहनत से किया। सन् १८९६ मे बम्बई मे प्लेग का भयकर आक्रमण होने पर वे अपने देश चले गये।

वहाँ वे बड़ी कठिन समस्या मे पड़ गये। उनके सामने जयदेवजी के विवाह का प्रश्न था, पर तत्कालीन आर्थिक परिस्थिति मे कुलोचित मर्यादा के अनुसार विवाह करना असंभव था। अतः उन्होने यह तय किया कि अब बम्बई जाकर मै नौकरी नहीं करूगा, किन्तु कोई स्वतत्र व्यवसाय आरंभ करूगा और भाई के विवाह योग्य धन एकत्रित करके ही नवलगढ आऊगा।

सेठ साहब ने बम्बई मे आकर रुई की दलाली शुरू की। उनकी ईमानदारी और सच्चे व्यवहार की प्रशसा सुन कर सेठ 'कीलाचद देवचद' नामी रुई की प्रसिद्ध फर्म के मालिक सेठ कीलाचदजी ने उन्हे अपनी फर्म की रुई और गल्ले की दलाली सौपी। उनकी मेहनत और बुद्धिमानी फल लाई। दूसरे ही वर्ष उन्होने नवलगढ़ जाकर अनुज का विवाह समारोह के साथ सानन्द सम्पन्न किया। उन्होने अपनी दलाली की फर्म का नाम 'आनदीलाल ईश्वरदास' रक्खा। इस फर्म के अन्य साझीदार सेठ आनदी-लालजी कूलवाल, सेठ दुर्गादत्तजी जालान तथा सेठ ईश्वरदासजी पोदार थे। इसी नाम से वर्षों तक कामकाज होता रहा। सेठ साहब की बराबर उन्नति होती गई और साख बढती गई। बीस वर्ष तक उन्होने सेठ कीलाचंद देवचद की दलाली की। करोडो का लाभ उक्त फर्म को हुआ और लाखों रुपये इन्होने कमाए। सेठ कीलाचन्दजी और इनमे बड़ा स्नेह रहा। सेठ कीलाचन्दजी इनकी सलाह पर बहुत निर्भर रहते थे, और आप भी उनको पितातुल्य मानते थे। धीरे धीरे सेठसाहब की सज्जनता

और दूरदर्शिता का ऐसा सिक्का जमा और भाग्य ने उनका कुछ ऐसा साथ दिया कि जिस काम मे उन्होने हाथ डाला, उसीमे उन्हे पूरी सफलता मिली। सेठ 'कीलाचंद देवचंद' के अतिरिक्त वे मेसर्स 'ई० डी० सासून' नामक देशविख्यात फर्म के भी दलाल हो गये और वहाँ भी सच्चे व्यवहार तथा साख के कारण इनकी बडी प्रतिष्ठा हुई। धीरे धीरे दलाली के साथ साथ वे स्वय भी व्यापार करने लगे और बम्बई के प्रमुख रुई एवम् गल्ले के व्यापारियो मे गिने जाने लगे।

व्यापार-जगत मे उनका जीवन विशेष उल्लेखनीय रहा है। वे व्यापार मे बड़े साहसी रहे है। नैतिकता के लिये आप बहुत विचार रखने रहे हैं, जो कि व्यापार मे एक श्रेष्ठ गुण माना जाता है। वे हमेशा बाजार के व्यापारियो का, खास कर दलालों के हितका बहुत ध्यान रखते रहे है, तथा जब जब रुई और गल्लेके व्यापार मे अनिश्चित तथा डाँवाडोल परिस्थितियाँ उपस्थित हुई है, तब तब उन्हे सुलझाने मे उन्होंने प्रमुख भाग लिया है और अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व का परिचय दिया है।

जैसा हम ऊपर कह आए है सेठ साहब को हृद्र-रोग की शिकायत बराबर चल ही रही थी। अतः जब सन् १९१९ में उनकी तबियत ज्यादा खराब होगई, तो उन्होने व्यापारिक-जीवन से अवकाश लेने का इरादा किया और इसीलिए अपने साझीदारो से अलग होकर अपना कारोबार मेसर्स 'आनदीलाल पोदार एण्ड कंपनी' के नाम से अलग कर लिया। परन्तु परमात्मा को यह मजूर न था। अभी उन्नतिकी बहुत सीढियों पर उन्हे चढना था। फलतः उन्हीं दिनो मेसर्स 'टोयो मेनका कैशा' नामी प्रसिद्ध जापानी फर्म के कार्यकर्ताओ ने उन्हे अपने फर्मकी दलाली का काम सौंपा। इच्छा न रहते हुए भी, आखिर दबाव अधिक पडने पर उन्होने इसे कुछ समय के लिये स्वीकार कर लिया, पर फिर इन्हे कौन छोड़नेवाला था? धीरे धीरे सम्बन्ध दृढ होता गया और इसे

change) तथा 'कॉटन कॉन्ट्रेक्टस् बोर्ड' (Cotton Contracts Board) इत्यादि इत्यादि संस्थाओ की स्थापना में उनका प्रमुख भाग रहा है और वे उक्त संस्थाओ के चेयरमैन, वाइस-चेयरमैन अथवा डाइरेक्टर रहे है।

सेठ साहब के सामाजिक विचार बड़े उदार हैं। वे 'अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी अग्रवाल महासभा' के कानपुर—अधिवेशन के सभापति थे। इसके अतिरिक्त वे 'मारवाड़ी अग्रवाल जातीय कोष' तथा 'मारवाडी अग्रवाल हितकारिणी सभा' के सभापति भी रह चुके हैं।

शिक्षा के प्रचार मे तो उनको बहुत ही रुचि है। इसमे उन्होंने लाखो रुपयो का दान किया है। सन् १९२१ में सेठ साहब ने शेखावाटी मे शिक्षा-प्रचार के लिये २०१०००) रुपयो की रकम 'तिलक स्वराज्य फड' मे कांग्रेस को दान दी थी, जिससे महात्मा गांधीजी, पं० मदनमोहनजी मालवीय, सेठ जमनालालजी बजाज तथा सेठ साहब के ट्रस्टीशिप मे 'श्री आनदीलाल विद्या-प्रचार संस्था' बनी। सन् १९२४ मे उक्त संस्था को सेठ साहबने १ लाख का दान और दिया। इस संस्थाद्वारा नवलगढ मे 'शेखावाटी ब्रह्मचर्याश्रम' की स्थापना की गयी तथा गाँवो मे स्कूल खोले गये। सन् १९३० मे उक्त ब्रह्मचर्याश्रम मे यथोचित परिवर्तन कर हाईस्कूल की स्थापना कर दी गई। अब वह 'सेठ ज्ञानीराम बशीधर पोदार हाईस्कूल' के नाम से सुचारु रूपसे चल रही है। सन् १९३२ मे सेठ साहब ने स्कूल को एक भव्य भवन नगरके बाहर उत्तम स्थानपर बनवा दिया है, जिसकी लागत करीब ८० हजार होती है। सांताक्रुज मे भी 'सेठ आनदीलाल पोदार हाईस्कूल' के नाम से एक प्रगतिशील संस्था उनकी ओर से स्थापित है। इसका संचालन 'साताक्रुज एज्युकेशन सोसाइटी' करती है; जिसके सभापति सेठ साहब हैं। इस संस्था मे हिन्दी, गुजराती तथा मराठी तीनो भाषाओ मे बालक और बालिकाओं के लिए मैट्रिक तक की शिक्षा का प्रबन्ध है। इस स्कूल मे इस समय करीब १८०० विद्यार्थी शिक्षा पा रहे है। इनके अतिरिक्त

भगवान दिखाई नहीं देते थे, तबभी वे विना अन्नजल ग्रहण किये ही अपना दैनिक कार्यक्रम सदा की भाँति निभाती रहती थीं। धार्मिक ग्रंथ, जैसे कि १८ पुराण, रामायण, भागवत आदि के पाठ उन्होने स्वयं किये तथा सुने थे। तुलसीकृत रामायण पर तो उन्हे वडी ही आस्था थी। ५० वर्ष की अवस्थामे अक्षर-ज्ञानसे प्रारम्भ कर, इन ग्रन्थों का पाठ कर सकना उनकी शुद्ध आत्मा तथा लगन का उत्तम उदाहरण है। नवीन सभ्यता और नवीन रंगढग से उन्हे इतनी घृणा थी कि अग्रेजी दवा लेना तो दूर, डाक्टरसे निदान कराना भी उन्हे नापसंद था। वे वडी दानशीला तथा धर्मात्मा थीं। निर्धन ब्राह्मणोकी लडकियो के विवाह करानेमे वे सदा उद्योगशील रहती थीं। व्रत-उपवास आदि वे वहुत अधिक मात्रा में करती थीं। प्रत्येक सोमवती अमावस्याको एक ही धातुकी अथवा एक ही प्रकार की १०८ वस्तुओं का दान करती थीं। इसी प्रकार के अनेक दान-पुण्य वे करती ही रहती थीं। शायद ही कोई दिन ऐसा जाता होगा कि जब वे किसी न किसी प्रकार का दान-पुण्य न करती हों।

सेठानीजी मे विशेषता यह थी कि वे अपने कुटुम्ब परिवार के सभी स्त्रीपुरुषो को सुखी और सम्पन्न देखना चाहती थीं। वे सदैव यही इच्छा करती रहती थीं कि उनके कुटुम्ब परिवार के सभी मनुष्य सुखसमृद्धियुक्त रहे और वे उनको सुखी तथा सम्पन्न रखने मे सहायक हों।

सेठ साहव के सवसे वड़े पुत्र, कुँवर रामदेवजी है; जो फर्म के सारे काम-काज की देख भाल करते हैं। कुँवर रामदेवजी सेठ साहव के कारोबार मे गत २५ वर्ष से सहायता कर रहे हैं तथा सेठ साहव की परोपकार वृत्ति तथा सार्वजनिक सेवा-भाव ने इनके हृदय मे भी पूर्ण रूपसे स्थान कर लिया है। आपका भी अनेक सार्वजनिक एव व्यापारिक संस्थाओ से घनिष्ट सम्बन्ध है। 'अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी अग्रवाल-जातीय कोष'

इन दोनो को इनके मित्र भाई भाई न समझ कर घनिष्ठ मित्र समझते थे। कुँ० रामनाथजी भी सार्वजनिक कार्यों मे भाग लेते थे पर अपने कनिष्ठ भ्राता के स्वर्गवास ने आपके जीवन को बिलकुल नीरससा बना दिया है।

सेठ साहब के एक पुत्री श्रीमती भगवानीबाई है। जिनका विवाह नवलगढ के सेठ गौरीशंकरजी सेखसरिया से हुआ है। कुँ० रामदेवजी के तीन पुत्रियाँ हैं। बड़ी पुत्री श्रीमती भगवतीदेवी का विवाह सेठ रामबिलासजी खेतान झुंझनूवालों के पौत्र कुँ० भगवतीप्रसादजी खेतान के साथ हुआ है। मँझली पुत्री श्रीमती सावित्रीदेवी का विवाह कलकत्ते के रायबहादुर सेठ रामेश्वरदासजी नाथानी के पुत्र कुँ० महावीर-प्रसादजी नाथानी के साथ हुआ है और छोटी पुत्री चि० पद्माकुमारी की अवस्था अभी ४ वर्ष की है। कुँ० रामनिरंजनजी के एक पुत्र तथा दो पुत्रियाँ है जिनके नाम क्रमशः चि० गणेशकुमार, चि० पुष्पाकुमारी तथा चि० चन्द्रकला हैं। कुँ० रामनाथजी की संतति क्रमशः चि० सुशीला-कुमारी, चि० शांतिकुमारी, तथा चि० कांतिकुमार हैं।

सेठ साहब जैसे दानी, सत्यनिष्ठ, सरल-हृदय तथा निरभिमान व्यक्ति पर ऐसा वज्रपात हुआ, और वह भी ऐसे अवसरपर जब धर्म-प्राण सेठानी साहिबा संसार-यात्रा समाप्त कर स्वर्गलोक की ओर अग्रसर हो रही थीं, और सब प्रकार से दान-पुण्य करने मे इस परिवार के लोग संलग्न थे, इसे परमात्मा की रहस्यमय लीला के अतिरिक्त और क्या कहा जा सकता है? यह तो जगदीश्वर ही जाने कि यह किसी पूर्वजन्म के अशुभ-कर्म का फल है, या विपत्तियो द्वारा भक्त की सत्यनिष्ठा, धैर्य और श्रद्धा की कठोर परीक्षा है, पर अत मे यही कहकर सब कुछ परमात्मा की इच्छा पर छोड़ना पड़ता है:—"राजी हैं हम उसीमे, जिसमे तेरी रजा है।"

———

Such Was Thou RamBilas!

(*By*—RAMPRASAD BAKSHI, B A)

But once in one long generation's span
There comes a perfect heart whose rich life-blood
Goes surging through the veins and arteries
Of institutions, scattered far and near,
Inspiring with purpose and with life
What erstwhile but pursued a routine dead and cold

But once into this world from Flame Divine
Descends a spark that illumines apace
This gloomy vale of life, and at one touch,
At one electric touch, rejuvenates
The weak and worn to youthful enterprize,
And lends an urgent pace to lean bedraggling legs

Such was Thou RamBilas, when Thou didst live,
We lived, and institutions lived, a life
Of soulful substance and of graceful glee,
Our Ram and our Bilas were one in Thee.
Gone is that Ram and gone is that Bilas
And now we drag on heavily a phantom of a life

And yet what's our loss, Oh RamBilas!
To hers you've left to live a widow's life,
A widow's life—a life of poignant grief—
A life consigned to everlasting gloom
That lets not but one single ray of light
Reach the tender heart-bud that withers ere its bloom?

We know we must not weep, we must not mourn
This loss however great, though like a thorn
It pricks the heart at every single beat,
And every heart-beat is a pang of grief,
We must not weep, we must meekly resign
To the Almighty's will with faith in His design

We may not let soft emotion dethrone
Stern reason, yet reason itself anon
Uprises in disconsolate revolt
When Nature turning mercilessly cold
Defeats her own true purpose in a trice,
And dooms to sudden end its noblest edifice.

In Thee, dear RamBilas! the World witnessed
Its rarest gifts in one existence pressed,
An inborn skill by scholarship enhanced,
Sound sportsmanship with seriousness balanced,
Discretion ripe combined with youthful zest,
Wisdom wedded to wealth—thy father's fond bequest.

In Thee O RamBilas! did we behold
The cosmic scheme of perfection unfold
Nay, Nature seemed in Thee so nigh its goal
Of harmonious perfection of the soul,
That seeing nipped in bud this life of Thine
Is this, we ask, is this dispensation divine?

And yet what's our loss, Oh RamBilas !
To hers you've left to live a widow's life,
A widow's life—a life of poignant grief—
A life consigned to everlasting gloom
That lets not but one single ray of light
Reach the tender heart-bud that withers ere its bloom ?

We know we must not weep, we must not mourn
This loss however great, though like a thorn
It pricks the heart at every single beat,
And every heart-beat is a pang of grief,
We must not weep, we must meekly resign
To the Almighty's will with faith in His design

We may not let soft emotion dethrone
Stern reason, yet reason itself anon
Uprises in disconsolate revolt
When Nature turning mercilessly cold
Defeats her own true purpose in a trice,
And dooms to sudden end its noblest edifice.

In Thee, dear RamBilas ! the World witnessed
Its rarest gifts in one existence pressed,
An inborn skill by scholarship enhanced,
Sound sportsmanship with seriousness balanced,
Discretion ripe combined with youthful zest,
Wisdom wedded to wealth—thy father's fond bequest.

In Thee O RamBilas ! did we behold
The cosmic scheme of perfection unfold
Nay, Nature seemed in Thee so nigh its goal
Of harmonious perfection of the soul,
That seeing nipped in bud this life of Thine
Is this, we ask, is this dispensation divine ?

जीवन-रेखा

इसमे दो बाते विचारणीय हैं।

संस्कृत का प्रसिद्ध श्लोक है:

परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः।
परोपकाराय वहन्ति नद्यः॥
परोपकाराय दुहन्ति गावः।
परोपकारार्थमिदं शरीरं॥

प्रकृति परोपकारपूर्ण है। वृक्षो मे फल-फूल लगते है। क्या वृक्ष स्वयं अपने मधुर फलो का आस्वादन करते है? क्या वे स्वय अपने सुरभित तथा सुंदर फूलो का आनद लेते हैं? नहीं। तो फिर मनुष्य ही स्वार्थी बनने का दावा क्यो करता है? वही मनुष्य, मनुष्य कहलाने योग्य है जो परोपकार मे रत हो। वैसे, अपना भरण-पोपण तो कीडे-मकोड़े, पशु-पक्षी सभी करते है। मनुष्य की जो विशेपता विचार-शक्ति है, उसका आशय यही है कि वह क्षणिक तुष्टिकर वस्तुओं मे न फँसा रहे। वह केवल वर्तमान का ही गुलाम न बने; किन्तु भूत का अध्ययन कर भविष्य की ओर भी दृष्टि रक्खे। वही मनुष्य आदर्श है, उसीका देहा-वसान शोक-जनक है, जो अपनी आत्मिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक तथा शारीरिक शक्तियो को उन्नत कर दूसरो के हित मे उनका उपयोग करता हो। वही चरित्र अनुकरणीय है जो परोपकार मे रत हो। हमारे चरित्र नायक श्री रामविलासजी ऐसेही अनुकरणीय युवक थे।

एक वात और है। वृक्ष मे पहले पहल डंठल निकलता है, फिर वह वद कली के रूपमे आजाता है। कली धीरे धीरे वढ़कर खिल जाती है और फूल का रूप धारण कर लेती है। फूल प्रौढ होता है, अपने रंग और सुगध से दर्शको के चित्तको हरण कर लेता है। धीरे धीरे समय वीतता जाता है। फूल की पँखुड़ियाँ पीली पड़ने लगती हैं, सूखने लगती है। इतने मे हवाका झोका आता है, फूल झड़कर मिट्टी मे गिर जाता है और मिट्टी में मिलकर स्वयं मिट्टी वन जाता है। यह है फूल

जन्म

श्री रामविलासजी का जन्म भाद्रपद शुक्ला २, संवत् १९७० तदनुसार ३ सितम्बर सन् १९१३ को बम्बई नगर मे हुआ था। सेठ साहब का निवास स्थान उस समय बम्बई में ही था। यद्यपि उस समय भी सेठ साहब का बम्बई के रुई एवं गल्ले के बाजार मे एक विशेष स्थान हो चला था, तथापि उन्होंने उस समय तक कोई भौमिक संपत्ति नहीं खरीदी थी। आज तो वे बम्बई और उसके आसपास लाखो की कीमत के मकान, बाग-बगीचे आदि के स्वामी हैं। उस समय वे किराये के मकान में ही रहते थे। वे दिन सेठ साहब के लिए अत्यंत चिंता और संकट के थे क्योंकि कुछ ही समय पूर्व श्री रामदेवजी पर ज्वर का भयंकर आक्रमण हुआ और वह ज्वर बढ़कर विषम-ज्वर (Typhoid fever) के रूप मे परिणत हो गया। बम्बई के बड़े बड़े डाक्टरो का इलाज किया गया, पर रोग मे कुछ कमी मालूम न हुई। आखिर ज्वर का वेग इतना बढ़ा कि उसने सन्निपातका रूप धारण कर लिया। कई दिनो तक भयङ्कर सन्निपात के कारण जीवन और मृत्यु के बीचमें उनकी जीवन-नैया लड़खड़ाती रही। आशा-रेखा धीरे धीरे क्षीण हो चली।

प्रास्ताविक

'संसार परिवर्तनशील है' यह केवल वैराग्य-वादियोंका ही धार्मिक तत्त्व नहीं है किन्तु विज्ञान का एक आधार-भूत सिद्धांत है। स्थान, समय और परिस्थिति के अनुसार प्रकृतिके प्रत्येक भागमे अवस्था का परिवर्तन अविश्रांत रूपसे चला करता है। उत्पत्ति के साथ नाश, वृद्धिके साथ न्यूनता, नवीनता के साथ प्राचीनता का सनातन सम्बन्ध है। यह भी कहा जा सकता है कि इन द्वंद्वोमे एक का अर्थ दूसरे के आशय पर ही निर्भर है। मृत्यु के विना उत्पत्ति का कोई अर्थ नहीं। यदि न्यूनता न हो तो वृद्धि की कल्पना ही असंभव है। यदि कोई वस्तु प्राचीन नहीं होती तो अन्य वस्तु मे नवीनता का विचार ही नहीं उठता। इसी प्रकार जीवन-मरण प्रकृति का नियम है। नियम भी कैसा? बिल्कुल अटल। जिसमे अपवाद की गुंजाइश ही नहीं। सारांश यह है कि जो पैदा हुआ है उसे मरना तो पड़ेहीगा, परन्तु

इसमे दो बाते विचारणीय हैं।

संस्कृत का प्रसिद्ध श्लोक है:

परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः।
परोपकाराय वहन्ति नद्यः॥
परोपकाराय दुहन्ति गावः।
परोपकारार्थमिदं शरीरं॥

प्रकृति परोपकारपूर्ण है। वृक्षो मे फल-फूल लगते है। क्या वृक्ष स्वयं अपने मधुर फलो का आस्वादन करते है? क्या वे स्वय अपने सुरभित तथा सुंदर फूलो का आनद लेते हैं? नहीं। तो फिर मनुष्य ही स्वार्थी बनने का दावा क्यो करता है? वही मनुष्य, मनुष्य कहलाने योग्य है जो परोपकार मे रत हो। वैसे, अपना भरण-पोपण तो कीडे-मकोड़े, पशु-पक्षी सभी करते है। मनुष्य की जो विशेपता विचार-शक्ति है, उसका आशय यही है कि वह क्षणिक तुष्टिकर वस्तुओं मे न फँसा रहे। वह केवल वर्तमान का ही गुलाम न बने; किन्तु भूत का अध्ययन कर भविष्य की ओर भी दृष्टि रक्खे। वही मनुष्य आदर्श है, उसीका देहावसान शोक-जनक है, जो अपनी आत्मिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक तथा शारीरिक शक्तियो को उन्नत कर दूसरो के हित मे उनका उपयोग करता हो। वही चरित्र अनुकरणीय है जो परोपकार मे रत हो। हमारे चरित्र नायक श्री रामविलासजी ऐसेही अनुकरणीय युवक थे।

एक बात और है। वृक्ष मे पहले पहल डंठल निकलता है, फिर वह वद कली के रूपमे आजाता है। कली धीरे धीरे वढ़कर खिल जाती है और फूल का रूप धारण कर लेती है। फूल प्रौढ होता है, अपने रंग और सुगध से दर्शको के चित्तको हरण कर लेता है। धीरे धीरे समय वीतता जाता है। फूल की पँखुड़ियाँ पीली पड़ने लगती हैं, सूखने लगती हैं। इतने मे हवाका झोका आता है, फूल झड़कर मिट्टी मे गिर जाता है और मिट्टी में मिलकर स्वयं मिट्टी वन जाता है। यह है फूल

बाल्यकाल तथा शिक्षा

'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' वाली कहावत के अनुसार श्री रामविलासजी बालकपनसे ही तीक्ष्ण बुद्धि थे। नियमानुकूल शिक्षा आरम्भ होने से पहले ही उन्होने खेलकूद मे पढना शुरू कर दिया था, क्योंकि श्री रामनिरंजनजी तथा श्री रामनाथजी उस समय प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। भाइयो को पढ़ते और पाठ याद करते देख उनकी भी इस ओर रुचि जागृत हो गई। उनकी रुचि देखकर श्री रामदेवजी ने संध्याके समय खेलके साथ ही साथ कुछ अंग्रेजी के शब्द भी बतलाना आरम्भ कर दिया। थोड़े ही समय मे उनको अंग्रेजी का अक्षरज्ञान न होने पर भी २०० से अधिक अंग्रेजी के शब्दार्थ याद हो गये।

श्री रामविलासजी का प्रारम्भिक अक्षर-ज्ञान तथा हिन्दी लिखना पढना घर पर ही हुआ। इसके पश्चात् वे ८—८॥ वर्ष की अवस्था मे स्थानीय 'मारवाड़ी विद्यालय हाईस्कूल' की तृतीय कक्षा (हिन्दी—विभाग) में सन् १९२२ के जनवरी मास मे प्रविष्ट हुए। उनका विद्यालय-सम्बन्धी

का साधारण जीवन। पर यदि कोई अत्यत सुंदर कलिका खिलकर कुसुम रूपमे ही परिणत न हुई हो, कली की अवस्था मे ही उसमे इतना आकर्षक सौदर्य और ऐसी अपूर्व सुगध हो कि मधुप-मडली उसके चारो ओर सदा घूमती रहे, दर्शकगणो के हृदय आनद से नाच उठे और उसके भावी सौदर्य की कल्पना मे अपने आपको भूल जाँय; और फिर उस अविकसित अथवा अर्द्धविकसित कली को वायुका प्रचण्ड झोंका अचानक आकर झुलसादे तो कितने शोक और विषाद की बात होगी! वह विषाद केवल वर्तमान गुणों के लियेही न होगा परन्तु उससे भी कहीं अधिक उस सुदूर भविष्य की मधुर आशाओ के नाश के लिए होगा; जिनकी ओर उनका अर्द्धविकसित सौदर्य स्पष्टरूपसे सकेत कर रहा था। श्री रामबिलासजीका आकस्मिक देहावसान भी ऐसीही कली का उदाहरण है। अफसोस—

फूल तो दो दिन बहारे जाँ फ़िजाँ दिखला गये।
हसरत उन ग़ुञ्चों पै है जो बिन खिले मुर्झा गये।

जन्म

श्री रामविलासजी का जन्म भाद्रपद शुक्ला २, संवत् १९७० तदनुसार ३ सितम्बर सन् १९१३ को वम्बई नगर मे हुआ था। सेठ साहब का निवास स्थान उस समय वम्बई में ही था। यद्यपि उस समय भी सेठ साहब का वम्बई के रुई एवं गल्ले के वाजार मे एक विशेष स्थान हो चला था, तथापि उन्होंने उस समय तक कोई भौमिक संपत्ति नहीं खरीदी थी। आज तो वे वम्बई और उसके आसपास लाखो की कीमत के मकान, वाग-वगीचे आदि के स्वामी हैं। उस समय वे किराये के मकान में ही रहते थे। वे दिन सेठ साहब के लिए अत्यंत चिंता और सकट के थे क्योंकि कुछ ही समय पूर्व श्री रामदेवजी पर ज्वर का भयकर आक्रमण हुआ और वह ज्वर वढ़कर विपम-ज्वर (Typhoid fever) के रूप मे परिणत हो गया। वम्बई के वड़े वड़े डाक्टरो का इलाज किया गया, पर रोग मे कुछ कमी मालूम न हुई। आखिर ज्वर का वेग इतना वढ़ा कि उसने सन्निपातका रूप धारण कर लिया। कई दिनो तक भयङ्कर सन्निपात के कारण जीवन और मृत्यु के वीचमें उनकी जीवन-नैया लड़खड़ाती रही। आशा-रेखा धीरे धीरे क्षीण हो चली।

समाज के बालक के लिए कोई भी कार्य कठिन तथा असम्भव नहीं है'। जब माताजी ने उन्हे विलायत जाने देने से इन्कार कर दिया तथा अन्य कारण भी ऐसे ही बन गये तो उन्हे अपना इरादा छोड़ देना पड़ा। पर वे प्रायः कहा करते थे, 'आप लोगों ने मुझे आगे नहीं बढ़ने दिया—इसके लिए आपको पछताना पड़ेगा'। कौन जानता था कि घरवालो को उनके लिए पछताने के अतिरिक्त और कुछ भी न बचेगा!

मैट्रिक पास करने के बाद वे उच्च शिक्षा के लिए 'सेट जेवियर्स कॉलेज' (St. Xavier's College) में भरती हुए। यहाँ भी उनके सद्गुणो का प्रभाव बहुत शीघ्र पड़ा। अपने सद्व्यवहार, परिश्रम, तथा तीक्ष्ण बुद्धिसे उन्होने अध्यापकों को शीघ्र ही अपनी ओर आकर्पित कर लिया। स्वयं गुजराती भापी न होते हुए भी, उन्होने उक्त कॉलेज मे 'गुजराती इन्स्टिट्यूट' की स्थापना करने मे प्रमुख भाग लिया और वे उसके संस्थापको मे गिने जाते हैं। इसका वर्णन पाठकों को अन्यत्र मिलेगा। धीरे धीरे श्री रामविलासजी के विचार राष्ट्रीयता की ओर झुकने लगे और 'सिविल सर्विस' (I C. S) का मोह उनके मस्तिष्क से निकल गया।

सन् १९३४ मे श्री रामविलासजी ने 'बम्बई युनिवर्सिटी' की बी. ए. की परीक्षा मे सफलता प्राप्त की। मारवाड़ी समाज प्रायः शिक्षाको धन-प्राप्ति का साधन मात्र समझता है और लोग अक्सर ऐसा कहते हुए सुने जाते है कि हमे पढाकर कोई नौकरी थोड़े ही करानी है। ऐसे समाज के सामने श्री रामविलासजी ने अनुकरणीय उदाहरण रक्खा है।

बी. ए. पास कर लेने पर भी श्री रामविलासजी की ज्ञानपिपासा शान्त न हुई। उन्होने इतिहास विपय लेकर 'सेन्ट जेवियर्स कॉलेज' मे एम्. ए. का अध्ययन आरम्भ कर दिया, तथा एम्. ए. की डिग्री के लिए निबध (Thesis) की तैयारी करने लगे। निबंध का विपय 'साँभर के

चौहान' (The Chauhans of Sambhar) था। उधर एल्एल्. बी. की क्लासों में भी पढ़ते रहे।

अभी उनकी तैयारियाँ जारी ही थीं, दोनों में से एक कार्य भी पूरा न हो पाया था कि कूच का नक्कारा बज उठा। श्री रामविलासजी ने कुछ न सोचा और उस पथ की ओर चल दिये जहाँ से लौटकर आज-तक कोई नहीं आया !

विवाह तथा सामाजिक विचार

श्री रामविलासजी के सामाजिक विचार बड़े उच्च थे। विवाह के उद्देश्य तथा महत्त्व के विषय मे उनकी धारणाएँ बड़ी उदार थीं। वे समझते थे कि विवाह एक पवित्र बधन है—दो परस्पर सहयोग देनेवाली आत्माओ का पावन संयोग है। वे बाल विवाह के कट्टर विरोधी थे तथा वर-वधू के पारस्परिक परिचय के विना किए गए विवाह को उचित नहीं समझते थे। मारवाड़ी समाज मे अब यद्यपि कुछ थोडा बहुत सुधार हुआ है, पर फिर भी वालविवाह की प्रथा जोरो से जारी है और उसपर भी सम्पन्न मारवाड़ियो में तो इसका प्रचार और भी अधिक है।

विवाह के सम्बंध में सबसे अधिक उत्कठा और जल्दी माता को रहा करती है। श्री रामविलासजी के विवाह के लिए माताजी बहुत वर्षों से प्रेरणा कर रही थीं। पहले संकेत रूप मे यह बात प्रगट की गई, पर कोई असर न हुआ तो जरा खुले तौर पर यह प्रश्न सामने रक्खा गया, परन्तु वे इस ओर से उदासीन रहे। इस के अतिरिक्त वे

विवाह तथा सामाजिक विचार

श्री रामविलासजी के सामाजिक विचार बड़े उच्च थे। विवाह के उद्देश्य तथा महत्त्व के विषय मे उनकी धारणाएँ बड़ी उदार थीं। वे समझते थे कि विवाह एक पवित्र बंधन है—दो परस्पर सहयोग देनेवाली आत्माओ का पावन संयोग है। वे बाल विवाह के कट्टर विरोधी थे तथा वर-वधू के पारस्परिक परिचय के बिना किए गए विवाह को उचित नहीं समझते थे। मारवाड़ी समाज मे अब यद्यपि कुछ थोडा बहुत सुधार हुआ है, पर फिर भी बालविवाह की प्रथा जोरो से जारी है और उसपर भी सम्पन्न मारवाड़ियो में तो इसका प्रचार और भी अधिक है।

विवाह के सम्बंध में सबसे अधिक उत्कंठा और जल्दी माता को रहा करती है। श्री रामविलासजी के विवाह के लिए माताजी बहुत वर्षों से प्रेरणा कर रही थीं। पहले संकेत रूप मे यह बात प्रगट की गई, पर कोई असर न हुआ तो जरा खुले तौर पर यह प्रश्न सामने रक्खा गया, परन्तु वे इस ओर से उदासीन रहे। इस के अतिरिक्त वे

अत्यावश्यक है, परन्तु उन्हे श्री रामविलासजीने छुआ भी नहीं । सारे विवाह मे उन्होने साफ़ा तथा शेरवानी ही पहनी । अन्य कई अनावश्यक रीति-रिवाज तथा भद्दे तरीको को दूर कर दिया गया । विवाह के लगभग दो वर्ष वाद मुकलावा हुआ । अफसोस ! कली अभी खिलने भी न पाई थी कि निर्दयी माली ने उसे तोड़कर फैंकदी ।

श्री रामविलासजी का छोटासा गार्हस्थ्य-जीवन अत्यंत पवित्र तथा प्रेममय था । धनिक युवक ऐयाशी के गढे मे प्राय: आकण्ठ डूवे हुए देखे जाते हैं, पर वे तो इससे कोसों दूर थे। वे यद्यपि एक कोट्याधीश के पुत्र थे, खर्च करने के लिए रुपयों की कमी न थी, न कोई उन्हे रोकनेवालाही था; क्योंकि उन पर सवका पूर्ण प्रेम तथा विश्वास था, उन्होने ४ वर्ष तक कॉलेज का सहशिक्षामय जीवन विताया था तथा वे वम्वई के अप-टु-डेट वातावरण में पले थे, पर उनका चरित्र इतना उच्च और आचरण इतना शुद्ध और पवित्र था कि यकायक विश्वास करना कठिन है, पर सच तो यह है कि उन्हे इस स्वार्थपूर्ण संसार मे अधिक रहना ही न था अत: उनमे जितनी वाते थीं, वे सव उच्च कोटि की तथा प्रशंसनीय थीं ।

श्री रामविलासजी के सामाजिक विचार कितने परिष्कृत तथा सामयिक थे उसका अदाजा पाठकों को एक पत्र से हो जायगा जो उन्होने अपनी सासको देहावसान के केवल ६ दिन पूर्व लिखा था । उससे उनकी सरल प्रकृति, सीधे व्यवहार, तथा प्रेममय गार्हस्थ्य जीवन का भलीभाँति पता लगता है । उस पत्र का व्लॉक यहाँ दिया जाता है ।

अपनी भावी सह-धर्मिणी को पहले देखे बिना विवाह-सम्बंध करने को तैयार भी न थे। सन् १९३२ के मार्च मास में उन्हे उनकी ममेरी बहन के विवाह-समारोह मे सम्मिलित होने के साथ साथ अपनी सह-धर्मिणी चुनने का भी अवसर मिला। कलकत्तेके सुप्रसिद्ध 'सेठ गणपतरायजी नागरमलजी राजगढ़िया' फर्म के मालिक सेठ भूधरमलजी राजगढ़िया की सुपुत्री ज्ञानवतीकुमारीकी ओर वे आकर्षित हुए। इस विषयमें उनके साथी श्री हीरालालजी दवे ने कलकत्तेसे श्री रामनाथजी को पत्र लिखकर श्री रामविलासजी के मनो-भाव को प्रगट कर दिया। सेठ साहबने तार द्वारा अपनी सम्मति प्रगट कर दी। सम्बन्ध निश्चित कर लिया गया और कुछ समय पश्चात् श्री रामदेवजी की मँझली लड़की सावित्रीबाईके विवाह अवसर पर मुद्दा लेकर कलकत्ते में सगाई करदी गई।

श्री रामविलासजी की इच्छा बी. ए. पास करने के बाद ही विवाह करने की थी, किन्तु लड़कीवालो की ओर से अधिक आग्रह और पूजनीया माताजी का दबाव अधिक होने के कारण उन्हे सन् १९३३ में जब वे बी. ए. के प्रथम वर्ष में पढ़ रहे थे, विवाह की स्वीकृति देनी पडी और अनिच्छापूर्वक भी उन्होने बडो की आज्ञा को शिरोधार्य किया। विवाह सन् १९३३ की १४ फरवरी को होना निश्चित हुआ। बारात कोडरमा गई। कोडरमा बिहार प्रात के हजारीबाग जिले मे एक नगर है। वहाँ राजगढ़ियो की अभ्रक की खाने है इसलिये उन्होंने विवाह आदि का प्रबंध वहीं किया था।

विवाह दो धनिक तथा समृद्ध परिवारो मे जैसा होना चाहिए वैसाही हुआ। उसका विस्तार से वर्णन करने का न तो यह अवसर ही है, और न इसकी आवश्यकता ही है। इस विवाह मे उल्लेखनीय बात यह थी कि कई सामाजिक कुरूढियो को तोड दिया गया। मारवाडी समाज मे विवाह के अवसर पर पगडी तथा जामा पहनना

अत्यावश्यक है, परन्तु उन्हे श्री रामविलासजीने छुआ भी नहीं । सारे विवाह मे उन्होने साफ़ा तथा शेरवानी ही पहनी । अन्य कई अनावश्यक रीति-रिवाज तथा भद्दे तरीको को दूर कर दिया गया । विवाह के लगभग दो वर्ष बाद मुकलावा हुआ । अफसोस ! कली अभी खिलने भी न पाई थी कि निर्दयी माली ने उसे तोड़कर फैंकदी ।

श्री रामविलासजी का छोटासा गार्हस्थ्य-जीवन अत्यंत पवित्र तथा प्रेममय था । धनिक युवक ऐयाशी के गढे मे प्रायः आकण्ठ डूबे हुए देखे जाते हैं, पर वे तो इससे कोसों दूर थे। वे यद्यपि एक कोट्याधीश के पुत्र थे, खर्च करने के लिए रुपयों की कमी न थी, न कोई उन्हे रोकनेवालाही था; क्योंकि उन पर सबका पूर्ण प्रेम तथा विश्वास था, उन्होने ४ वर्ष तक कॉलेज का सहशिक्षामय जीवन बिताया था तथा वे बम्बई के अप-टु-डेट वातावरण में पले थे, पर उनका चरित्र इतना उच्च और आचरण इतना शुद्ध और पवित्र था कि यकायक विश्वास करना कठिन है, पर सच तो यह है कि उन्हे इस स्वार्थपूर्ण संसार मे अधिक रहना ही न था अतः उनमे जितनी बाते थीं, वे सब उच्च कोटि की तथा प्रशंसनीय थीं ।

श्री रामविलासजी के सामाजिक विचार कितने परिष्कृत तथा सामयिक थे उसका अदाजा पाठकों को एक पत्र से हो जायगा जो उन्होने अपनी सासको देहावसान के केवल ६ दिन पूर्व लिखा था । उससे उनकी सरल प्रकृति, सीधे व्यवहार, तथा प्रेममय गार्हस्थ्य जीवन का भलीभाँति पता लगता है । उस पत्र का ब्लॉक यहाँ दिया जाता है ।

वर्ष मे ही उक्त विभाग ने आश्चर्यजनक उन्नति कर दिखाई। उनके कार्य-भार सम्हालने के पूर्व सन् १९३३-३४ मे केवल १०,००० रुई की गाँठें बाहर भेजी गई थीं, दूसरे वर्ष २५,००० गाँठे विदेश भेजी गई और ३५-३६ मे तो यह संख्या ६५,००० गाँठों तक पहुँच गई।

श्री रामविलासजी ने रुई के एक्सपोर्ट के साथ साथ गेहूँ, तिल (Seeds) आदि का एक्सपोर्ट भी आरम्भ कर दिया। यह उन्ही के प्रयत्नो का फल था कि उनका फर्म (Anandılal Podar & Co), 'न्यूयॉर्क कॉटन एक्षचैञ्ज' (New York Cotton Exchange), 'लीवरपूल कॉटन एसोसिएशन' (Lıverpool Cotton Association), तथा 'इनकॉर्पोरेटेड ऑइल सीड्स एसोसिएशन, लडन' (Incorporated Oıl Seeds Association, London) का सदस्य वन गया। इन विश्व-विख्यात व्यापारिक संस्थाओ की सदस्यता से—जिसका सौभाग्य वहुत कम भारतीय फर्मों को प्राप्त है—इस फर्म की अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा मे बहुत वृद्धि हुई।

श्री रामविलासजी ने उपर्युक्त विभागों के अतिरिक्त, चाँदी सोने (Bullıon) तथा शेअर (Share) के विभागो को भी हाथ मे लिया और इनमे भी आशातीत उन्नति कर दिखलाई। धीरे धीरे उन्हे यह प्रतीत होने लगा कि फर्म की यथोचित उन्नति तथा अन्तर्राष्ट्रीय-प्रतिष्ठा-वृद्धिके लिए और देश मे वढती हुई वेकारी को रोकने के लिए इस कार्य मे पूर्ण रूप से लग जाना आवश्यक है। उन्होंने लॉ क्लासो मे जाना छोड़ दिया और व्यापारमे पूर्णतया दत्त-चित्त होगये, तथापि उनकी आतरिक इच्छा यह वरावर वनी रही कि अवकाश मिलते ही एम्. ए., एल्एल्. वी. (M. A., LL B) तो अवश्य ही कर लेना चाहिये।

जिस तरह चुम्बक के पास लोहा अपने आप खिंच आता है, उसी प्रकार उनके व्यापार-क्षेत्र मे आने के बाद धीरे धीरे फर्म का सारा

यात्राएँ तथा भ्रमण

श्री रामविलासजी ने २३ वर्ष के छोटेसे जीवन-काल मे भारत के वहुत से भागों मे भ्रमण कर लिया था। उत्तर मे काश्मीर, पश्चिम मे कोहाट, हैदरावाद तथा करांची, दक्षिण में रामेश्वरम् तथा पूर्व मे जगन्नाथपुरी, चटगांव तथा दार्जिलिङ्ग तक वे हो आये थे।

उनकी छोटीसी अवस्था मे ही पिताजी उन्हें अपने साथ यात्रा मे ले गये और उस समय उन्होने प्रायः सभी वड़े वड़े तीर्थस्थानों के दर्शन किये। आठ वर्ष की अवस्था मे वे श्री रामदेवजी के साथ देवलाली गये और दूसरे वर्ष पूजनीया माताजी तथा श्री रामनाथजी के साथ उन्हे कलकत्ते की सैर करने का मौका मिला।

इसके पश्चात् नियमित रूप मे अध्ययन प्रारम्भ हो जाने के कारण कई वर्षों तक उन्हे किसी लम्वी यात्रा मे जाने का मौका नहीं मिला। सन् १९२८ मे वे श्री रामनाथजी के साथ महावलेश्वर गये। उसी वर्ष वे श्री रामदेवजी के साथ कलकत्ते की कांग्रेस मे सम्मिलित हुए और फिर वहाँ से दार्जिलिङ्ग गये। दो वर्ष वाद वे श्री सेठ साहव के साथ पचगनी गये।

ANANDILAL PODAR & Co.

BANKERS

MERCHANTS, COMMISSION AGENTS AND BROKERS

CABLE CODE USED BENTLEY'S

Telephone { OFFICE 27066 / " 27087 / SEWREE 42342 / SANTACRUZ REGI. 80110

Telegraphic Address -" ANPODAR"

(BHULESHWAR)

Bombay __________ 193

ईश्वर के आधीन है। इस की तरह से आप कोई भी तरह की चिन्ता न करें। उनको मैं बहुत समझाता हूँ। वह खुद भी समझदार है लेकिन फिर भी माता और बापू छिपने नहीं चाहिये। उनके होने के बाद हम दोनों के तो साथ ही [illegible] जाती है। आप लोगों के आशीर्वाद ही हम लोगों के लिये सब कुछ है।

